प्रदेश में हफ्ते भर में पूरी होगी सीएफएल सप्लाई

शिमला : एचपीएल कंपनी के अध्यक्ष ललित सेठ पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि

राजधानी में बोले एचपीएल समूह के अध्यक्ष ललित सेठ

कहा, सीएफएल के डिस्पोजल पर शोध कर रही कंपनी

शिमला – ब्यूरो प्रमुख

एचपीएल समूह के अध्यक्ष ललित सेठ ने कहा है कि भारतीय बाजार को चीन निर्मित उत्पादों से खतरा नहीं है। उनका कहना है कि भारतीय बाजार में आर्थिक मंदी का भी अधिक प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एचपीएल समूह की टर्न ओवर में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी होगी। समूह हरियाणा में दो नए यूनिट भी स्थापित करेगा। राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एचपीएल उद्योग समूह के अध्यक्ष ने ऐलान किया कि प्रदेश सरकार से सीएफएल बल्ब के जो आर्डर प्राप्त हुए थे, उन्हें एक सप्ताह के भीतर सप्लाई कर दिया जाएगा। यह बल्ब गुणवत्ता के आधार पर सबसे अधिक खरे साबित हुए हैं। समूह के अध्यक्ष ने कहा कि सीएफएल बल्ब के डिस्पोजल को लेकर भी पर्यावरण विशेषज्ञ एवं उत्पादक गंभीर शोध कर रहे हैं। इसके लिए शीघ्र ही यूरोप में एक बैठक का आयोजन भी हो रहा है। शीघ्र ही सीएफएल बल्ब के डिस्पोजल के लिए एक कारगर नीति सामने आएगी। जहां तक सीएफएल में स्वास्थ्य के लिए घातक पारे का प्रश्न है, तो उसमें एचपीएल द्वारा आधे से भी अधिक कमी लाई गई है। अब 7.28 मिलीग्राम मर्करी के स्थान पर मात्र तीन मिलीग्राम पारे का प्रयोग किया जा रहा है। वास्तविकता यह भी है कि कंपनी द्वारा सबसे बढ़िया कच्चे माल का प्रयोग किया जा रहा है, ताकि कम कीमतों पर भी उपभोक्ताओं को बढ़िया माल मिल सके। ललित सेठ ने कहा कि कंपनी ने विद्युत चोरी को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है व उनकी जाबली स्थित इकाई ने नए आयाम छूने के प्रयास किए हैं।